# धूप दशमी पर लिया पापों के त्याग का संकल्प

## दसलक्षण पर्व पर आदिश्वर दिगंबर मंदिर में अभिषेक, पूजा-अर्चना और शांतिधारा

**मंडीदीप, 2 सितंबर. नटराज कॉलोनी स्थित श्री 1008 आदिश्वर दिगंबर मंदिर में चल रहे दसलक्षण महापर्व का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के रंगों से सराबोर रहा.**

सांगानेर जयपुर से पधारे विद्वान पंडित अर्चित जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में धूप दशमी के अवसर पर विशेष अभिषेक पूजा-अर्चना और शांति धारा संपन्न हुई. सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हुई. वहीं बड़ी



> दिगंबर जैन धर्म का यह दस दिवसीय पर्व आत्मा की शुद्धि और मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर होने का संदेश देता है. प्रत्येक दिन को क्रमशः उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य जैसे गुणों के लिए समर्पित किया जाता है. प्रथम शांति धारा का पुण्य लाभ विनोद जैन को प्राप्त हुआ. द्वितीय शांति धारा बृजेश कुमार जैन के द्वारा संपन्न की गई. तृतीय शांति धारा का सौभाग्य मनीष जैन को प्राप्त हुआ. चतुर्थ शांति धारा का पुण्य लाभ रजनीश जैन को मिला.

संख्या में कई परिवारों ने इस पावन पर्व में भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया. वातावरण भक्ति गीतों और जयकारों से गुंजायमान रहा. दसलक्षण पर्व के छठे दिन सुगंध दशमी पर भक्तों ने सामूहिक रूप से पापों का परित्याग और सद्गुणों को आत्मसात करने का संकल्प लिया.

# पटवारी ने चौहान को बनाया कांग्रेस सफाई मजदूर सेल का अध्यक्ष

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,2 सितंबर मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सफाई मजदूर सेल के अध्यक्ष चौहान को दूसरी बार पद का दायित्व सौंपा है.**

पदभार ग्रहण करते ही चौहान ने पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर दिया और घोषणा की कि शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा ताकि संगठन को और मजबूत बनाया जा सके. इस संवाददाता से बातचीत में चौहान ने बताया कि वह 11 सूत्रीय मिशन को लागू करने के संकल्प के साथ काम करेंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सफाईकर्मियों और श्रमिकों का जीवन स्तर सुधारना है. उन्होंने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट कल्चर तत्काल बंद होना चाहिए क्योंकि यह श्रमिकों के सम्मान और अधिकारों के खिलाफ है. चौहान ने स्पष्ट किया कि वे राज्य की भाजपा सरकार से अधिक संख्या में सफाईकर्मियों और श्रमिकों की भर्ती की मांग करेंगे, ताकि नगर निगम और संबंधित सेवाओं में मानव संसाधन की कमी को दूर किया जा सके.

इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि संविदा श्रमिकों को नियमित किया जाए और उन्हें स्थायी सरकारी कर्मचारियों के समान सुविधाएं व सुरक्षा मिले. वित्तीय लाभों को अहम मुद्दा बताते हुए चौहान ने कहा कि सफाईकर्मियों और श्रमिकों को अन्य सरकारी कर्मचारियों की तरह अतिरिक्त भत्ते और लाभ मिलना चाहिए.

## एक नजर में

### मंत्रालय में होगी टीप लेखन प्रतियोगिता

**भोपाल.** मंत्रालय सेवा अधिकारी एवं कर्मचारी संघ ने एक अनूठी टीप लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने की घोषणा की है. इसका उद्देश्य मंत्रालयीन कार्यप्रणाली में दक्षता और स्पष्टता को बढ़ावा देना है. संघ का कहना है कि किसी भी अधिकारी-कर्मचारी की कुशलता का सर्वोत्तम आकलन उसकी फाइल पर लिखी गई टीप से ही होता है. प्रतियोगिता को निष्पक्ष बनाने के लिए प्रतिभागियों को नियुक्ति वर्ष के आधार पर चार समूहों-1985-1995, 1996-2005, 2006-2015 और 2016-2025-में विभाजित किया जाएगा.

### छात्र-छात्राओं ने उपमुख्यमंत्री आवास पर सौंपा ज्ञापन

**भोपाल.** एनएसओ छात्र संगठन ने नर्सिंग विद्यार्थियों की परीक्षा, छात्रवृत्ति सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को उपमुख्यमंत्री आवास और नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा. संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष कुशवाहा ने बताया कि 2022-23 सत्र के जीएनएम स्टूडेंट की 3 साल बाद प्रथम वर्ष की परीक्षाएं हुई हैं, लेकिन अभी तक ना तो रिजल्ट आया है और ना ही द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं का टाइम टेबल घोषित किया जा रहा है, जबकि जीएनएम 3 साल का डिप्लोमा कोर्स है, जिसकी 6 साल में भी पूरी होने की संभावना नहीं है. उन्होंने कहा कि काउंसिल के अधिकारियो के भ्रष्टाचार का खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है.

### भारत भवन में 10 सितंबर से चार दिवसीय संगीत समारोह

**भोपाल.** राजधानी के बहुकला केन्द्र भारत भवन का आंगन संगीत और नृत्य की मधुर लहरियों से सराबोर होने को तैयार है. संगीत केन्द्र अनहद की ओर से 10 से 13 सितंबर तक 'बादल राग समारोह' का आयोजन किया जा रहा है. यह चार दिवसीय आयोजन कला प्रेमियों को गायन, वादन, नृत्य और पुस्तक चर्चा की विविध विधाओं से रूबरू कराएगा. भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि यह समारोह भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की विविधता का उत्सव है. जिसमें कला प्रेमियों को स्वर, ताल और भावनाओं की ऐसी यात्रा का अनुभव मिलेगा जो उन्हें कलात्मक संवेदनाओं से भर देगी.

# गांधीसागर, कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट का होगा आयोजन

## मंत्री लोधी और एसीएस शुक्ला ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 2 सितंबर. मप्र अब पर्यटकों को देने जा रहा है ऐसा सफर, जिसकी प्रतीक्षा लंबे समय से थी. जंगल की रोमांचक रातें, नदी और बैकवाटर्स की शांति और आसमान को छूती साहसिक गतिविधियां, ये सब मिलकर जल्द शुरू करने जा रहे हैं पर्यटन का नया अध्याय.**



मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, ईको-टूरिज्म और साहसिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से इस वर्ष दो महत्वपूर्ण आयोजनों का शुभारंभ करने जा रहा है. गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट का चतुर्थ संस्करण 12 सितंबर से मंदसौर जिले के गांधीसागर डैम पर और कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट का द्वितीय संस्करण 5 अक्टूबर से श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान के समीप आयोजित होगा. यह जानकारी मंगलवार को पत्रकार वार्ता के दौरान पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी और अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति, गृह और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने दी.

> मंत्री लोधी ने कहा कि गांधीसागर और कूनो जैसे फॉरेस्ट रिट्रीट केवल पर्यटन आयोजन नहीं हैं, बल्कि ये हमारे प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर, सांस्कृतिक समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ने का प्रयास हैं. गांधीसागर और कूनो ईको-टूरिज्म व साहसिक पर्यटन के केंद्र के रूप में उभरे हैं. गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट का उद्देश्य प्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म के मानचित्र पर विशेष पहचान दिलाना है, वहीं कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट हमारे लिए वेलनेस और वन्यजीव पर्यटन का हब है.

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की अपील का दिखा असर

**भोपाल, 2 सितंबर.भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने अपने जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए आग्रह किया था कि कोई भी कार्यकर्ता होर्डिंग, बैनर अथवा अन्य प्रचार माध्यमों का उपयोग न करें.**

खण्डेलवाल की इस अपील का असर जमीनी स्तर पर देखने को मिला. भोपाल, बैतूल सहित प्रदेश के अन्य स्थानों पर जहां कार्यकर्ता जन्मदिन पर पोस्टर-बैनर लगाने की तैयारी में थे, उन्होंने तैयारियां रोक दीं. बैतूल में पहले से लगे कुछ होर्डिंग्स को भी स्वेच्छा से हटा लिया गया.यह कार्यकर्ताओं के अनुशासन, नेतृत्व के प्रति आस्था और संवेदनशीलता का जीवंत उदाहरण है. खण्डेलवाल का मानना है कि राजनीति का असली उद्देश्य जनसेवा है. यहां बता दें कि खंडेलवाल का जन्मदिन 3 सितंबर को है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद ये उनका पहला जन्मदिवस होगा. प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं ने अनुशासन दिखाते हुए प्रदेश अध्यक्ष की मंशा का पालन किया. यह पहल न केवल भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक अनुशासन और नेतृत्व के प्रति सम्मान की सशक्त तस्वीर प्रस्तुत करती है, बल्कि आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में सादगी व मूल्यों आधारित संस्कृति को और सुदृढ़ करेगी.

# खण्डवा, मंदसौर और खरगोन में भी होंगे कार्य

## सिंहस्थ-2028 के लिये समिति ने 2675 करोड़ के 33 कामों को दी मंजूरी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 2 सितंबर. मंत्रालय में सिंहस्थ-2028 के लिए गठित मंत्रीमंडलीय समिति की चौथी बैठक में कुल 2675 करोड़ रूपए लागत के 33 कार्य को मंजूरी दी गई. सबसे बड़ी बात ये कि इनमें 25 कार्य उज्जैन, 3 खण्डवा, 2 मंदसौर और 3 खरगोन में होने हैं.**

इनमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग के 21, लोक निर्माण के 6, रेलवे के 2 एवं पर्यटन, गृह, एमपीआरडीसी और जल संसाधन विभाग के एक-एक कार्य शामिल हैं. बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की. इस दौरान उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 महापर्व के सुव्यवस्थित संचालन के लिए दीर्घकालीन कार्ययोजना का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये. संबंधित विभाग उनके कार्यक्षेत्र में जारी गतिविधियों की निरंतर समीक्षा कर यह सुनिश्चित करें कि सभी निर्माण कार्य दिसम्बर 2027 तक अनिवार्यतः पूर्ण हों.

इसी प्रकार इंदौर उज्जैन रोड से क्षिप्रा नदी के पश्चिम भाग को जोड़ने के लिए शनि मंदिर से जीवनखेड़ी रोड, इंदौर रोड से आने वाले श्रद्धालुओं को त्रिवेणी घाट और शनि मंदिर तक पहुंचने

### 12 किलोमीटर लंबे 6 लेन मार्ग से सभी घाटों को जोड़ा

मंत्री-मण्डलीय समिति की चतुर्थ बैठक में क्षिप्रा नदी के पश्चिमी भाग पर सिंहस्थ बायपास से मेला क्षेत्र को आने वाले सभी मार्गों को कनेक्ट करते हुए नदी के पास स्थित मंदिरों और सभी घाटों को जोड़ने वाले एमआर-22 को स्वीकृति प्रदान की गई. लगभग 194 करोड़ रूपए लागत से बनने वाले 12 किलोमीटर लंबे 6 लेन मार्ग से सभी घाटों को जोड़ा जाएगा और सिंहस्थ के दौरान इसका बस रैपिट ट्रांजिट के रूप में उपयोग किया जा सकेगा. इसी प्रकार सिंहस्थ बायपास से रामघाट तक पहुंचने के लिए बड़नगर रोड के विकल्प के रूप में कार्तिक मेला ग्राउण्ड से नईखेड़ी मार्ग को अनुमोदन प्रदान किया गया. लगभग 3 किलोमीटर लंबे 36.59 करो? रूपए लागत के इस फोरलेन मार्ग से सिंहस्थ बायपास से शंकराचार्य चौराहे तक के ट्रैफिक कंजेशन में कमी आएगी.

# सीएम से मिला पीएमओ के अफसरों का प्रतिनिधिमंडल

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 2 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को मंत्रालय में प्रधानमंत्री कार्यालय के अवर सचिव विनोद बिहारी सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों के 38 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की.**

प्रतिनिधि मंडल में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में कार्यरत अवर सचिव शामिल थे. यह सभी अवर सचिव इस मिड कैरियर कोर्स के उपरान्त उप सचिव के पद पर पदोन्नत होंगे और अलग-अलग मंत्रालयों में उनकी पदस्थापना की जाएगी. प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने तीन दिवसीय मध्यप्रदेश यात्रा में विश्व धरोहर स्मारक सांची और हिल स्टेशन पचमढ़ी का भ्रमण भी किया. भारत सरकार के अधिकारियों ने बताया कि वे मध्यप्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक विरासत से प्रभावित हुए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के हृदय प्रदेश में सभी का स्वागत है. मध्यप्रदेश अनेक नवाचारों को अपनाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के पैमानों पर कार्य कर रहा है. नागरिकों को स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि जहां राष्ट्रपति भवन का सेंट्रल डोम(मुख्य गुम्बद) सांची के स्तूप से प्रेरित है.



# खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान

**बैरसिया, 2 सितंबर. विकासखंड बैरसिया के ऐसी खेल प्रतिभाएं, जिन्होंने विभिन्न प्रकार के खेलों में राष्ट्रीय उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नाम रोशन किया है.**

उन्हें राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं समाजसेवी नीतू शर्मा द्वारा बैरसिया में खंड स्तरीय प्रतिभावान खिलाड़ियों, पुलिस भर्ती में चयनित कर्मियों एवं खिलाड़ियों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विष्णुखत्री एवं अध्यक्षता नीतू शर्मा ने की. विशेष अतिथि जयदेव शर्मा विश्वामित्र अवॉर्डी, आराधना मालवी ,आदि खिलाड़ी मौजूद रहे.

# कैनवास पर उकेरे चित्रों ने कला से कराया परिचय

## भारत भवन में गोकरण सिंह, वाजदा खान के चित्रों की प्रदर्शनी

**भोपाल, 2 सितंबर. बहुकला केंद्र भारत भवन की रंगदर्शनी दीर्घा में मंगलवार को एक विशिष्ट कला प्रदर्शनी अद्वैत का शुभारंभ हुआ. इस ग्रुप पेंटिंग एक्जीबिशन में कला जगत के दो सशक्त हस्ताक्षर गोकरण सिंह और वाजदा खान के चुनिंदा चित्रों का प्रदर्शन किया गया है.**



उद्घाटन समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि कला जीवन का सूक्ष्मतम रूप है, जो केवल रूप और रंग में नहीं, बल्कि अनुभूति और दर्शन में भी अपनी छाप छोड़ती है.

प्रदर्शनी में कुल 36 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं. इसमें गोकरण की 24 और वाजदा की 12 कलाकृतियां प्रदर्शित हैं. यह प्रदर्शनी 21 सितम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी.

अद्वैत प्रदर्शनी की विशेषता यह है कि इसमें प्रस्तुत चित्र केवल दृश्य अनुभव तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे कलाकारों के भीतर के गहरे मनोभावों को भी व्यक्त करते हैं. 'अद्वैत' का दार्शनिक अर्थ है - दो का अभाव, एकत्व का भाव. यही अवधारणा इन चित्रों में प्रदर्शित होती है.


### Name Change

I Piyush Chhirolia S/O, Rajesh Chhirolia R/o Govind Ganj, Near Townhall, Datia M.P. 475661 have changed my name to Piyush Chhiroliya for all purposes

### नाम परिवर्तन सूचना

MOHAMMAD SIDDIQUI S/O HUSSAIN KHAN आयु व्यस्क निवासीः 1661 नियर मोहम्मदी मस्जिद गुरुनानक कॉलोनी भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम SIDDIQUE MOHAMMAD और मेरी पत्नी का नाम REHANA BANO दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम MOHAMMAD SIDDIQUI मेरी पत्नी का नाम RIHANA BI हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम और पत्नी का नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पेहचाना जायगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वादविवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं में रहूँगा।

### नाम परिवर्तन सूचना

यह कि मैं यासमीन खान YASMEEN KHAN पिता स्व. अब्दुल अजीज ABDUL AZIZ पति अब्दुल वसीम खान ABDUL WASEEM KHAN करोंद भोपाल यह कथन करती हूँ कि मै शादी के बाद यासमीन वसीम YASMEEN WASEEM नाम से जानी जाती थी। मेरे आधार कार्ड, वोटर अंकसूची में मेरा नाम यासमीन खान YASMEEN KHAN दर्ज है। यह कि उपरोक्त दोनो ही नाम मेरे है। वर्तमान मे मैं यासमीन खान YASMEEN KHAN W/o अब्दुल वसीम खान ABDUL WASEEM KHAN नाम से जानी जाती हूँ। यही मेरा मूल नाम है।

### CHANGE OF NAME

I, Mayank Raigar, son of Shri Chaturbhuj Raigar, resident of B-29, Golden City, Neelbad Bhopal, declare that my name was wrongly mentioned as previously known as Mayank Rager in my 10th and 12th mark sheets. My correct name is now known as Mayank Raigar, as in all my government documents.

### नाम परिवर्तन

मैं योगेश पुनकर आ. श्री गणेश राव पुनकर निवासी मकान नं. 307, ई कॉलोनी बैरागढ़कलां भोपाल, यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में जैतिक नाम था, जो सही करा कर जैतिक पुनकर करा लिया है .यह कि स्कूल रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम जैतिक के स्थान पर जैतिक पुनकर दर्ज किया जाना है. अतः प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र को जैतिक पुनकर के नाम से जाना-पहचाना जावे.

### नाम परिवर्तन

मैं सपना पुनकर पत्नी श्री योगेश पुनकर निवासी- मकान नं. 307 ई कॉलोनी बैरागढ़कलां भोपाल, यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मायके का नाम सपना बर्वे त्रुटिवश दर्ज हो गया था, जो सही कराकर मैंने मेरा सही नाम सपना पुनकर दर्ज करा लिया है. यह कि स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम गलत नाम सपना बर्वे के स्थान पर सही नाम सपना पुनकर दर्ज किया जाना है. अतः प्रकाशन उपरांत मुझे मेरे सही नाम सपना पुनकर के नाम से ही जाना-पहचाना जावे.

### नाम परिवर्तन सूचना

RIHANA BI W/O MOHAMMED SIDDIQ आयु व्यस्क निवासीः 1661 गुरुनानक कॉलोनी बाफना कॉलोनी भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम RIYANA BANO दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम RIHANA BI हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पेहचाना जायगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद विवाद होता है तो इसकी जिम्मेदार स्वयं में रहूँगी।

### नाम परिवर्तन सूचना

MOHD JAVED S/O KHALID MIYAN आयु व्यस्क निवासीः 42 नियर भोईपुरा इब्राहिम मस्जिद बुधवार भोईपुरा भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम JAVED दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम MOHD JAVED हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पेहचाना जायगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वादविवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं में रहूँगा।


**दसलक्षण पर्व** | आत्म शुद्धि के पर्व में संयम धर्म की पूजा अर्चना हुई

# जीवन में संयम, नियम से ही मोक्ष संभव : शास्त्री



**भोपाल, 2 सितंबर. श्री महावीर दिगंबर स्टेशन बजरिया जैन मंदिर में मंगलवार को दसलक्षण पर्व के छठे दिन मनोज शास्त्री द्वारा प्रवचन में संयम धर्म के बारे में बताया कि जीवन में संयम जरूरी है, जैसे वाहन के लिए ब्रेक की आवश्यकता, सरोवर के लिए बांध की आवश्यकता होती है. इस प्रकार जीवन में संयम को समझना चाहिए.**

असंमयी जीवन तो पशु के समान है. मनुष्य असंयमित रहते हुए मोक्ष मार्ग में आगे नहीं बढ़ सकते हैं. महिलाओं द्वारा सुगंध दशमी पर व्रत धारण करने से मनुष्य के सारे अशुभ कर्मों का क्षय होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है. मंदिर में संध्या में संगीतमय आरती हुई और महिला मंडल अध्यक्ष बबीता पंचरत्न द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में नेमी - राजुल नाटिका का मंचन किया गया. महिलाओं द्वारा सोलह श्रृंगार करके प्रतियोगिता में भाग लिया.

### धूप की सुगंध से महक उठा जिनालय

**भोपाल,** भगवान महावीर दिगम्बर जैन मंदिर साकेत नगर समाज में मंगलवार को सुगंध दशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया. मूलनायक 24 वें तीर्थंकर श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी के चरणों में धूप अर्पित की गई. श्रद्धालुओं ने अष्ट कर्म का नाश करने के लिए मंदिरों में धूप का खेवन किया, जिससे धूप की सुगंध से सम्पूर्ण जिनालय महक उठा. जैनागम के अनुसार इस दिन श्री भगवान जी को धूप अर्पण करने से सभी कष्टों का निवारण होता है. दूसरी ओर दसलक्षण पर्व में उत्तम संयम पूजन हुआ. इससे पूर्व दसलक्षण महापर्व के छठे दिन सुबह श्रीजी के अभिषेक पूजन के पश्चात् विश्व शान्ति के लिए शान्ति धारा का पाठ तथा तत्वार्थ सूत्र वाचन किया गया. पं.अरविन्द शास्त्री (रांची) ने सुगन्ध दशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रानी मनोरमा को मुनि महाराज के अपमान के कारण कर्मों का बंधन हुआ. ऐसे में प्रायश्चित भाव से भगवान शीतलनाथ की आराधना करने पर उन्हें अपने कर्मों से मुक्ति मिली. उसी प्रसंग के उपलक्ष्य में सुगन्ध दशमी पर्व मनाया जाता है.

# डीईओ ने कांदीखेड़ी के शिक्षक को थमाया नोटिस

**बैरसिया.** बैरसिया विकास खंड के नजीराबाद संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कांदी खेड़ी में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक बलराम समेले को शासकीय कार्य के प्रति गम्भीर लापरवाही बरतने पर जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने सोमवार को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिवस के स्पष्टीकरण मांगा है. बता दें की स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने 30 अगस्त 2025 को शासकीय प्राथमिक शाला कांदी खेड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया था. निरीक्षण दौरान शाला बंद पाई गई थी और शाला के अंदर कंडे व लकड़ियां पाई गई.


### कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राघौगढ़, जिला गुना

क्रमांक/लाइब्रेरी/जीपीआर/2025/851 राघौगढ़, दिनांक 1/9/25

**निविदा**

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राघौगढ़ में पुस्तकें क्रय की जानी हैं. इस हेतु पब्लिशर तथा प्रदायकर्ता से दिनांक 22-9-2025 को 2 बजे तक मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. प्राप्त निविदाएं दिनांक 22/9/2025 को दोपहर 3 बजे तक संस्थागत क्रय समिति तथा निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में (यदि वे उपस्थित होना चाहें) इस कार्यालय में खोली जावेंगी. निविदा प्रपत्र का मूल्य 50.00 है, जो कार्यालय से नगद या रेखांकित ड्रॉफ्ट (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का) जो कि प्राचार्य एवं सचिव जनभागीदारी समिति शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राघौगढ़ जिला गुना म.प्र. के नाम देय हो.
निविदा विवरण डाक द्वारा मंगाने पर रुपए 100.00 भिजवाना होंगे. निविदाएं प्राप्त करने हेतु फर्म अपने लेटर पेड पर प्राचार्य को पत्र भिजवाएं. पत्र पर सीएसटी/ जीएसटी इत्यादि सभी पर अंकित हो. डाक द्वारा या अन्यथा से हुए किसी भी प्रकार के विलंब के लिए संस्था उत्तरदायी नहीं होगी. विलंब से प्राप्त निविदाएं निरस्त मान ली जावेंगी.
निविदा प्रस्तुत करने के लिए अमानत राशि (अर्नेस्ट मनी) रुपए 1000.00 है, जो निविदा प्रस्तुत करते समय देय है.

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, राघौगढ़

G18107/25